

**स्वास्थ्य शिविर बना जीवनदायी पहल**

# 42 बच्चों की होगी हृदय सर्जरी, मिला नि :शुल्क उपचार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** जिला प्रशासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर आमजन के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहा है। इस शिविर में जहां एक ओर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को विशेषज्ञ उपचार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर बाल हृदय रोगियों के लिए विशेष पहल कर उनके जीवन को नई उम्मीद दी जा रही है।



शिविर में जन्मजात दिल में छेद से पीड़ित बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। शिवपुरी एवं गुना जिले से आए कुल 78 बच्चों की जांच में 42 बच्चों को सर्जरी हेतु चिन्हित किया गया है। इन बच्चों को 24 मार्च को अरविंदो हॉस्पिटल, भोपाल भेजा जाएगा, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. पी. अग्रवाल एवं डॉ. ए. नगेले सहित विशेषज्ञ टीम ने बच्चों का सूक्ष्म परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर का मानवीय पहलू भी सामने आया, जब करैरा तहसील के ग्राम सलैया निवासी सीताराम यादव अपनी नातिनी कु. रक्षा यादव को लेकर पहुंचे। बच्ची के हृदय में छेद की समस्या का परीक्षण कर उसे आगे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शिवपुरी रेफर किया गया। सीताराम यादव ने नि:शुल्क सेवाओं और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार जताया। इसी तरह शिवपुरी निवासी श्रीमती अर्चना सिंह कुशवाह, जो हृदय रोग से पीड़ित हैं, ने शिविर में विशेषज्ञ से परामर्श लेकर राहत पाई। उनकी सभी जांचें और दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। वहीं पिछोर के ग्राम करारखेड़ा निवासी जोशी लोधी ने भी शिविर में सुव्यवस्थित पंजीयन, जांच और उपचार की सराहना की। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने सरल भाषा में बीमारी समझाकर बेहतर इलाज दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में छठवें दिन 12,416 मरीजों ने लिया लाभ



वृहद स्वास्थ्य शिविर में रविवार को मरीजों की रिकॉर्ड भीड़ देखने को मिली। जिला प्रशासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर के छठवें दिन 12,416 मरीजों ने पंजीयन कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और उपचार प्राप्त किया। शिविर में हृदय, न्यूरोलॉजी, श्वसन, ऑर्थोपेडिक, नेत्र, स्त्री रोग, बाल रोग सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। सबसे अधिक 1,355 मरीज ऑर्थोपेडिक, 1,291 मेडिसिन, 1,066 नेत्र, 699 ईएनटी और 583 स्क्रीनिंग विभाग में दर्ज किए गए। इसके अलावा कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, गैस्ट्रो, नेफ्रो, मनोचिकित्सा और कैंसर जांच जैसी विशेष सेवाओं का भी लाभ लोगों ने लिया। शिविर की खास बात यह रही कि सभी जांचें पूरी तरह नि :शुल्क की जा रही हैं। एक ही दिन में 64 सीटी स्कैन, 223 एमआरआई, 2,125 एक्स-रे, 1,148 पैथोलॉजी टेस्ट, 178 ईसीएचओ, 612 सोनोग्राफी सहित कुल 75 सर्जरी भी की गईं। यह शिविर 24 मार्च तक जारी रहेगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लगातार सेवाएं दी जा रही हैं।



## रास्ते के विवाद पर चचेरे भाइयों में लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी चली, कई घायल

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** सीहोर थाना क्षेत्र के छितरी गांव में रास्ते के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां चचेरे भाइयों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी तक का इस्तेमाल किया गया।

जानकारी के अनुसार, एक पक्ष द्वारा रास्ते पर मकान निर्माण किया जा रहा था, जिससे दूसरे पक्ष का आवागमन बाधित हो रहा था। इसी बात को लेकर शनिवार शाम दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद बढ़ते-बढ़ते हिंसा में तब्दील हो गया। झगड़े में बसंत पाल और उनकी पत्नी ममता गंभीर रूप से घायल हो गए। बसंत पाल के सिर में गंभीर चोट आने पर उन्हें नरवर स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ममता भी हमले में घायल हुई हैं, जिनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सीहोर थाना प्रभारी जूली सिंह तोमर ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बैंड-बाजों के साथ निकली भव्य चुनरी यात्रा, श्रद्धा से गूंजा पिछोर नगर

**पिछोर, 22 मार्च।** नगर में नवरात्रि के पावन अवसर पर महिला शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रविवार को निकली इस विशाल यात्रा में महिलाओं की बड़ी संख्या ने भाग लेकर भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।



महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष पूनम राजोरिया ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियां पिछले एक माह से लगातार चल रही थीं। रविवार 22 को चुनरी यात्रा काली माता मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। बैंड-बाजों और जयकारों के बीच निकली यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए भक्तिमय माहौल बनाती रही। यात्रा का समापन बीजासेन माता मंदिर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे मार्ग में भक्तों द्वारा माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में शाम 6 बजे मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में अध्यक्ष पूनम राजोरिया ने सभी महिला श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## करैरा पुलिस ने वृंदावन से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** करैरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को महिला अपराधों के प्रति सख्त रुख का उदाहरण माना जा रहा है।

करैरा टीआई विनोद छावई के अनुसार, 17 मार्च 2026 को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री 16 मार्च से बिना बताए घर से लापता है। इस पर थाना करैरा में अपराध क्रमांक 181/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में करैरा टीआई विनोद छावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 21 मार्च को अपहृत बालिका को उत्तर प्रदेश के वृंदावन से सुरक्षित बरामद किया।



पीड़िता से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मंजेश जाटव ने जान से मारने की धमकी देकर उसे भगाया और वृंदावन ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। इसके आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(च), 65(1), 87, 351 (3) बीएनएस तथा 3/4, 5एन/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी मंजेश जाटव उम्र 26 वर्ष पुत्र लालाराम जाटव, निवासी समोहा थाना करैरा को मथुरा-वृंदावन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्रवाई में करैरा टीआई विनोद छावई, उनि अंजली सिह, प्रआर वीरेन्द्र सिंह, म.आर नीलम परिहार की अहम भूमिका रही।

## प्रकोष्ठ युवा जिला अध्यक्ष गौरव कृष्ण भार्गव को मनोनीत किया



**शिवपुरी।** अखंड ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा हिंदू नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर पंडित सत्येंद्र शर्मा शास्त्री के निज निवास पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं मातृशक्ति ने सामूहिक रूप से भगवान परशुराम की आरती कर पुष्प अर्पित किए तथा विधि-विधान से गुड़ी पड़वा का पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान अखंड ब्राह्मण सेवा समिति का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें प्रकोष्ठ युवा जिला अध्यक्ष गौरव कृष्ण भार्गव को मनोनीत किया है। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीयों द्वारा उल्लेख किया है कि समाज के प्रति निष्ठा, विश्वास व कार्यशैली को दृष्टिगत रखते हुए गौरव कृष्ण भार्गव को प्रकोष्ठ युवा जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है और अपेक्षा की गई है कि समाज के उत्थान और विकास में वे संगठन के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करेंगे।

## बैराड़ पुलिस ने 100 लीटर कच्ची शराब जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बैराड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में बैराड़ पुलिस ने 22 मार्च को दोपहर में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।



सूचना मिली थी कि ग्राम ककरई ठगौसा नदौरा चौराहे के पास पुलिया पर एक युवक अवैध कच्ची शराब के साथ वाहन का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और बताए गए हुलिये के आधार पर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल खटीक उम्र 23 वर्ष पुत्र रामचरन खटीक, निवासी सहसराम थाना गसवानी जिला श्योपुर, हाल निवासी शुक्ला लॉज के पीछे बैराड़ बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो प्लास्टिक के कैनों में भरी 100 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश शर्मा, प्रधान आरक्षक दुर्गाचरण, आरक्षक अखलेश धाकड़, देवेन्द्र राठौर, गिर्राज त्यागी एवं अजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पंचायत परिषद की कार्यकारिणी का गठन



**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 22 मार्च।** ,मध्यप्रदेश अखिल भारतीय पंचायत राज्य पंचायत परिषद (भोपाल) संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद, दिल्ली द्वारा प्रदेश स्तर पर नई कार्यकारिणी समिति का गठन कर दिया गया है। इस गठन में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से अनुभवी एवं सक्रिय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जादौन एवं मुख्य महामंत्री शीतल शंकर विजय मिश्रा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र इंदर सिंह रावत को नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और पंचायत स्तर तक जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र सिंह रावत शिवपुरी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी पंचायत स्तर पर जनहित कार्यों को गति देने, पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा करने तथा ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र सिंह रावत को उनके इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने अनेकों बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# विधायक ने हितग्राहियों को किये प्रमाण पत्र वितरण

**नवभारत न्यूज**

**पिछोर, 22 मार्च।** पिछोर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 22 मार्च रविवार को संकल्प समाधान विकासखंड स्तरीय शिबिर का

**दस कलस्टर स्तर में कुल 6854 आवेदन हुये प्राप्त**

आयोजन क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ! संकल्प से समाधान अभियान शिविर के दौरान पिछोर विकासखंड में कुल दस क्लस्टर बनाए गए थे जिसमे करारखेड़ा, खोड़, ढला, पडोरा, बडेरा, भौती, मनपुरा, वीरा, सेमरी, हिम्मतपुर इन सभी पंचायतों में अलग-अलग तारीखों में शिविर आयोजित किए गए थे जिसमें विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक क्लस्टर स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए थे, जहाँ कुल 6854 आवेदन प्राप्त हुए थे! जिसमें स्वीकृत कुल आवेदन 5067 तथा अस्वीकृत आवेदन 25 है, तथा निराकृत आवेदनों की संख्या 5092 है, तथा जो लंबित आवेदन है उनकी संख्या 1762 है, विकासखंड स्तरीय शिविर के दौरान विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के तहत 16, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 10, संबल योजना के 10 तथा पेंशन योजना के 11 इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र के 31 प्रमाण पत्र मौके पर ही माला पहनाकर सभी को वितरण किये गये विधायक प्रीतम सिंह नें कहा कि हमारी सरकार द्वारा ऐसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लोगों को सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है, मैं भी पिछोर को विकास कार्यों तथा महत्वपूर्ण योजनाओं से कभी भी पीछे नहीं रहने दूंगा! इसके साथ ही पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारीश्रीमती ममता शाक्य नें संकल्प से समाधान शिविर के बारे में विस्तृत की जानकारी दी। तथा जिला अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.एस. नरवरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संकल्प से समाधान अभियान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया एक विशेष जनसेवा अभियान है। इस अभियान के माध्यम से शासन के विभिन्न विभागों की 106 हितग्राहीमूलक योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर पिछोर तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, बीआरसी सुरेश गुप्ता, सीडीपीओ अरविंद तिवारी सहित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## एसडीओपी का निरीक्षण, थाने में व्यवस्थाओं को परखा

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने 21-22 मार्च की दरमियानी रात थाना बामौरकलां का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी और पुलिस अमले को सख्त निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में किए गए इस निरीक्षण के दौरान एसडीओपी श्री शर्मा ने सबसे पहले रात्रि गश्त की स्थिति को चेक किया। थाने पर रात्रि ड्यूटी में आरक्षक आकाश मौजूद मिले, जबकि सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजय लोधी भी तत्काल थाने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हवालात खाली पाई गई, वहीं थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का गहन परीक्षण कर आवश्यक टिप्पणियां दर्ज की गईं। एसडीओपी ने रात्रि गश्त में लगे पुलिस बल को विशेष रूप से सतर्क रहने और संदिग्ध



गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति भी देखी और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने को कहा। साथ ही लंबित वारंटों की तामीली में तेजी लाने और अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाने में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया। एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने स्पष्ट किया कि रात्रि गश्त अपराध नियंत्रण की रीढ़ है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## होटल कर्मचारी पर डंडों-घूंसों से हमला, सीसीटीवी में कैद वारदात

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** शहर में एक होटल कर्मचारी के साथ दिनदहाड़े मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे आरोपियों की पहचान आसान हो गई है।



जानकारी के अनुसार, तुलसी नगर निवासी अविनाश बाल्मीक उम्र 23 वर्ष जो होटल गैलेक्सी में हाउसकीपिंग का कार्य करता है, रविवार दोपहर करीब 1 बजे कचरा फेंककर लौट रहा था। तभी गली के मोड़ पर उसे हारिश मिर्जा अपने तीन साथियों के साथ मिला। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसे रोक लिया और विवाद शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि 31 जनवरी को गांधी पेट्रोल पंप, झांसी तिराहा पर पेट्रोल भरवाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत देहात थाने में दर्ज है। उसी रंजिश को लेकर यह हमला किया गया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके सिर, आंख, कान और हाथ में गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान उसकी सोने की बालियां और चांदी की चेन भी गिर गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह अविनाश को बचाया। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने हारिश मिर्जा और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

## देहात पुलिस ने 2 लाख की स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मार्च।** नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में थाना देहात पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 20.75 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। देहात पुलिस की इस सटीक कार्रवाई से नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार जिले में स्मैक, चरस, गांजा और अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक विकास यादव अपनी टीम के साथ लगातार मुखबिर तंत्र



सक्रिय कर कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में 21 मार्च को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कबरिस्तान रोड क्षेत्र में स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए देहात पुलिस टीम ने लुधावली कच्चे रास्ते के पास पुरानी शिवपुरी क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ब्रजेश पुत्र रामगिर गोस्वामी उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम जाखनौद थाना पोहरी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20.75 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना देहात में अपराध क्रमांक 87/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र जाट (सायबर सेल प्रभारी), सहायक उपनिरीक्षक विनोद सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक दीपचन्द्र, देवेन्द्र सेन, आरक्षक सचेन्द्र शर्मा, बदन सिंह, अरुण मेवाफरोस, बलवीर सिंह एवं सतेन्द्र सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।